
**घटना** | इंस्टा स्टोरी में लिखा-जीने की आरजू नहीं, कुएं में उतरा रहे थे शव

# एक ही गमछे में बंधे मिले पिता-दो बच्चों के शव





**नवभारत, कटंगी।** बालाघाट के कटंगी थाना क्षेत्र के ग्राम जराहमोहगांव के लाखीटोला में एक पिता का खौफनाक कदम सामने आया हैं। जिसने अपने दो मासूम बच्चों एक पुत्र एक पुत्री के साथ कुएं में छलांग लगाकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने शव बरामद कर लिया हैं। आत्महत्या का कारण स्पष्ट नहीं हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं। हालांकि मृतक श्याम नागेंद्र का एक शोसल मीडिया में डला स्टेटस जरूर सुर्खियों में है जिसमें उसने लिखा है कि नहीं है जीने की आरजू।

जानकारी के मुताबिक जराहमोहगांव के लाखीटोला में रहने वाले श्याम नागेंद्र उम्र 36 वर्ष व उसके 2 मासूम बच्चे वंश नागेंद्र उम्र 5 वर्ष व भुवी नागेंद्र उम्र 3 वर्ष का शव गांव के बाहर स्थित कुंए से एक साथ तीनों का शव बरामद किया गया हैं। पिता द्वारा दोनों बच्चों को अपने कमर में दुपटटे के साथ बांधा गया हैं। जिससे स्पष्ट हो रहा है कि उसने दोनों मासूम बच्चों के साथ आत्महत्या की हैं।

पुलिस को ज्ञात हुआ कि श्याम नागेंद्र एलआईसी आफिस में कार्यरत था और उसने आठ दिन पहले ही वहां से अपना काम छोड़ दिया था। इस दौरान वह अपनी पत्नी के मायके पक्ष में आयोजित विवाह समारोह में भी शामिल हुआ हैं। घटना दिनांक 12 मई के शाम लगभग 7 बजे वह मोटर सायकिल से अपने दोनों मासूम बच्चों वंश व भुवी के साथ घर से निकला था। जो रात लगभग 8 बजे तक घर नहीं लौटा। परिजनों ने उससे संपर्क किया तो उसका मोबाईल बंद आया। बाद में तलाशी करते हुये परिजन पहुंचे तो एक कुंए के पास दूर में मोटर सायकिल खड़ी मिली। जिसे उन्होने घर ले जा लिया। लेकिन श्याम नागेंद्र को लेकर रात में ज्यादा ध्यान नहीं दिया। दूसरे दिन आज 13 मई को पुन: उसकी तलाश शुरू की गई। गांव के बाहर के कुंए में उसे खोजा गया। जहां पर श्याम नागेंद्र का शव के साथ दुपटटा में दोनों मासूम बच्चों का बंधा हुआ शव पाया गया। सूचना पर पुलिस पहुंची और शव बरामद कर लिया गया हैं।

मृतक श्याम नागेंद्र का एक दिन पहले सोशल मीडिया में डाले गये स्टेटस जरूर सामने आया हैं। जिसमें उसने लिखा है कि नहीं है जीने की आरजू। अहम बात यह कि श्याम नागेंद्र ने ऐसा खौफनाक कदम क्यों उठाया? परिजन के अनुसार किसी भी तरह से वह तनाव में नही था और ना ही उसके यहां पर ऐसा कोई अभाव था। बावजूद उसके इस कदम उठाये जाने को लेकर पुलिस जांच कर रही हैं। जांच के बाद मामले में स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।

## राष्ट्रीय कैडेट कोर के संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर का समापन

**बालाघाट।** राष्ट्रीय कैडेट कोर के दस दिवसीय संयुक्त वार्षिक प्रशिक्षण शिविर 'सीएटीसी-95' का समापन बुधवार, 13 मई 2026 को बालाघाट के गोंगलई स्थित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर में उत्साह एवं हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। शिविर में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से आए 439 कैडेटों ने सहभागिता की। शिविर के सफल आयोजन में कलेक्टर श्री मृणाल मीना, सहायक आयुक्त शकुन्तला डामोर तथा शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, गोंगलई के प्राचार्य का विशेष सहयोग रहा। कैडेटों के लिए दस दिनों तक परिसर उपलब्ध कराया गया। समापन अवसर पर शिविर संचालक विनीत कमल गुप्ता ने कैडेटों को एकता एवं अनुशासन का महत्व बताते हुए जीवन में इसे अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय कैडेट कोर युवाओं में नेतृत्व क्षमता, चरित्र निर्माण, अनुशासन तथा धर्मनिरपेक्ष दृष्टिकोण का विकास करता है, जिससे उनमें राष्ट्रसेवा की भावना मजबूत होती है।

# अचानक मौसम का कहर : चक्रवाती तूफान से मचा हड़कंप



### कुछ ही मिनटों में तहस नहस, खैरलाँजी में भारी तबाही

**नवभारत, खैरलाँजी।** बुधवार दोपहर करीब 3 बजे अचानक मौसम ने ऐसा करवट बदली कि पूरा इलाका दहशत में आ गया। तेज हवाओं के साथ आए चक्रवाती तूफान और बारिश ने देखते ही देखते जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया।

तेज हवाओं की रफ्तार इतनी जबरदस्त थी कि सड़क किनारे लगे कई पेड़ जड़ से उखड़ गए। खेतों और बस्तियों में पेड़-पौधे बिखर गए, मानो प्रकृति ने कहर बरसा दिया हो। कई मकान पर पेड़ भी गिर गए

तूफान के चलते कई जगह बिजली के खंभे गिर गए और तार टूटकर जमीन पर आ गिरे। पूरे क्षेत्र में बिजली सप्लाई बाधित हो गई, जिससे अंधेरा और अफरा-तफरी का माहौल बन गया।

कई मकानों के टीन शेड और दुकानों मे बने झोपड़े तेज हवा में उड़ गए। कुछ घरों की छत पर पेड़ गिड़ने से क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे ग्रामीणों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

तेज बारिश के कारण खेतों में पानी भर गया, जिससे किसानों की रबी की धान नष्ट हो गई एवं लोगों का बाहर निकलना मुश्किल हो गया। अचानक आए इस तूफान ने लोगों को संभलने का मौका तक नहीं दिया।

अचानक आए इस तूफान से लोग सहम गए। कई लोग अपने घरों में दुबकने को मजबूर हो गए, तो कुछ सुरक्षित जगहों की ओर भागते नजर आए।

### प्रशासन से राहत की उम्मीद

ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द सर्वे कर नुकसान का मुआवजा देने की मांग की है। साथ ही बिजली व्यवस्था जल्द बहाल करने की अपील की गई है। कुछ ही मिनटों में आए इस चक्रवाती तूफान ने खैरलांजी-किन्ही क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी और लोगों को झकझोर कर रख दिया। अब सभी की नजरें राहत और मदद पर टिकी हैं।

## बुजुर्ग को जंगली सुअर, युवक को भालू ने किया घायल, दोनों जिला अस्पताल रेफर

**नवभारत कटंगी 13 मई।** क्षेत्र में मंगलवार सुबह दो अलग-अलग घटनाओं में वन्य प्राणियों के हमले से दो लोग घायल हो गए। दोनों घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया है।

जानकारी के अनुसार परास क्षेत्र की ग्राम पंचायत आखिंखापा निवासी वीर सिंह कोडोपे उम्र 31 वर्ष जंगल में तेंदूपत्ता तोड़ने गया था। इसी दौरान अचानक एक भालू ने उस पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे कटंगी शासकीय अस्पताल पहुंचाया गया।

### दूसरी घटना कटेधरा में हुई

दूसरी घटना कटंगी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कटेधरा में हुई, जहां 50 वर्षीय लखन तोबरे गांव के पास जंगली सूअर ने हमला कर दिया। हमले में घायल बुजुर्ग को भी उपचार के लिए कटंगी अस्पताल लाया गया। दोनों घायलों की गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया।

### क्षेत्र में जंगली सुअरों का आतंक बढ़ा

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले कुछ समय से क्षेत्र में जंगली सुअरों का आतंक बढ़ गया है। सूअर फसलों को नुकसान पहुंचाने के साथ ही लोगों पर भी हमला कर रहे हैं।

इसकी शिकायत लगातार वन विभाग से की जा रही है। घटना की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम अस्पताल पहुंची और घायलों से मुलाकात कर आवश्यक कार्रवाई शुरू की।

### लिस्टेड गुंडा गुरुदेव पुस्पतोड़े उर्फ गुरु अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट-बोनकट्टा-तिरोड़ी थाना का लिस्टेड गुंडा गुरुदेव पुस्पतोड़े उर्फ गुरु अब तक पुलिस गिरफ्त से दूर। खबर ये भी है की गुरु अभी महाराष्ट्रा के किस नेता के घर में छुपा है जिसके अपराध की कुंडली बहुत बड़ी है उसके कुछ अंश की सूची इस प्रकार है 1- आरटीओ विभाग में अधिकारी रहंगड़ाले के ऊपर किया था प्राणघातक हमला जिसमे जेल भी गया था। 2 - इसके पूर्व में भी बम्हनी (बावनथेडी) नदी में रेत के अवैध उत्खनन के ख़िलाफ़ कार्यवाही करने गए राजस्व अधिकारी तहसीलदार / पटवारी के ऊपर हमला किया जिसमे भी जेल गया महिला अधिकारी से भी मारपीट का आरोप। 3- जनपद अध्यक्ष के घर ?? में घुसकर मारपीट और जान से मारने की धमकी जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था।

# ग्रीष्मकालीन शिविर का सांदीपनि विद्यालय में हुआ समापन



**नवभारत, बालाघाट।** सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के अप्रैल माह में शानदार शुभारंभ के बाद नियमित कक्षा संचालित की गई। इसके पश्चात म.प्र.शासन के आदेशानुसार अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को अन्य विधाओं में पारंगत करने के लिए ग्रीष्मकालीन अवकाश के साथ ही ग्रीष्मकालीन शिविर का दि.01 मई 2026 से 10 मई 2026 तक आयोजन किया गया। सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के प्राचार्य डॉ.युवराज राहंगडाले के द्वारा अवगत कराया गया कि 01 मई 2026 से प्रतिदिन थिएटर कला प्रदर्शन (ड्रामा), खेल, स्कोलास्टिक कक्षा, सांदीपनि बैंड तथा आर्ट एंड क्राफ्ट की कक्षाओं का नियमित संचालन किया गया। इस शिविर में श्री आशीष श्रीवास्तव के निर्देशन में में कक्षा 10 वीं से 12 वीं के विद्यार्थियों के लिए स्कोलास्टिक (स्ण्ढ्ढश्वद्यड्डह्यह्लद्बष्) कक्षाएं संचालित की गई। जिसमें गणित, विज्ञान, रसायन, भौतिकी एवं जीव विज्ञान से संबंधित विषयगत कठिन अवधारणाओं को विषय शिक्षकों के द्वारा सरलतम तरीके से समझाया गया और अंत में समापन के अवसर पर केबीसी क्विज़ के माध्यम से छात्रों का मूल्यांकन किया गया।

ग्रीष्मकालीन शिविर में जहां प्रतिदिन श्रीमती सुनीता बंसोड़ (उ.मा.शि.) चित्रा बोपचे (मा.शि.) देवेंद्र फरकुंडे (मा.शि.) के निर्देशन में थिएटर कला के लिए चयनित छात्रों को हिंदी, अंग्रेजी व संस्कृत भाषाओं के माध्यम से पटकथा आधारित कला प्रदर्शन का अवसर प्रदान किया गया वहीं संगीत शिक्षक अभिजीत सिंह ठाकुर के द्वारा बैंड विधा के रूप में सांदीपनि बैंड का पुलिस बैंड की तर्ज पर प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिसमें बैस ड्रम, साइड ड्रम, ड्रम पैड, बिगुल, एंपोनियम, की-बोर्ड, तबला आदि वाद्य यंत्र का प्रशिक्षण दिया गया।

इस ग्रीष्मकालीन शिविर में आर्ट एंड क्राफ्ट के शिक्षक प्रेमलाल बनवाले के द्वारा आदिवासी लोक कला गोंडी पेंटिंग कला से चयनित छात्रों को प्रशिक्षित किया गया। जिसमें प्राकृतिक रंगों के उपयोग बताते हुए प्रशिक्षण दिया गया। खेल प्रतियोगिताओं में शतरंज, बैडमिंटन तथा टेबल- टेनिस आदि का खेल शिक्षिका श्रीमती मीना मेश्राम, सीमा बिसेन, और खेल शिक्षक क्षितिज कटरे के द्वारा छात्र-छात्राओं को प्रशिक्षण दिया गया।

इस प्रकार थियेटर कला,बैंड,खेल तथा आदिवासी कला गोंडी पेंटिंग के माध्यम से सांदीपनि विद्यालय बालाघाट के छात्रों ने ग्रीष्मकालीन शिविर में प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित कानूनी कार्यशाला आयोजित

**बालाघाट।** महिलाओं एवं बच्चों के अधिकारों तथा सुरक्षा संबंधी कानूनों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से जिले में विशेष कानूनी कार्यशालाओं का आयोजन किया गया। यह अभियान जिला कलेक्टर मृणाल मीणा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी, महिला एवं बाल विकास विभाग दीपमाला मंगोदिया के मार्गदर्शन में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम के अंतर्गत गुड शेफर्ड संस्था द्वारा विकासखंड बिरसा के गर्राटोला स्थित मोनफोर्ट विद्यालय, विकासखंड बैहर के ग्राम कदला तथा हीरापुर बैगाटोला आंगनबाड़ी केंद्र में महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित विभिन्न अधिनियमों की जानकारी प्रदान की गई। कार्यशाला में बाल विवाह निषेध अधिनियम के संबंध में छात्र-छात्राओं को जागरूक करते हुए बताया गया कि बाल विवाह एक गंभीर कानूनी अपराध है। यह न केवल बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा में बाधा उत्पन्न करता है।

## उकवा में क्रिकेट का महाकुंभ : यूपीएल नाइट टूर्नामेंट का रंगारंग आगाज़, 7 टीमें मैदान में

**नवभारत, उकवा।** उकवा के मॉयल ग्राउंड में 11 मई को यूपीएल नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट का भव्य शुभारंभ हुआ। उकवा के इतिहास में दूसरी बार हो रहे इस नाइट टूर्नामेंट को लेकर क्षेत्र में जबरदस्त उत्साह है,आधी रात तक क्रिकेट प्रेमी मैदान में डटे रहे, और इस मैच का लुत्फ लिया।

इस भव्य टूर्नामेंट का शुभारंभ चौकी प्रभारी आकाश शर्मा, फुटबॉल संघ के जिला उपाध्यक्ष जेम्स बारीक, सोनपुरी सरपंच सुनील उईके, एएसआई विनोद ठाकुर, शिक्षक मदन गेडाम, डॉ. चिंतामन बिसेन और मुख्य आयोजक अनिरुद्ध चंदेल ने रिबन काटकर टूर्नामेंट का शुभारंभ



किया। अन्ना 11, अहिल 11, रजत रोड लाइंस11, उकवा बस्ती 11, रॉयल लॉ असेंबली11, ठन्डर बोल्ट टाइटंस11 ,और अव्यान 11 की टीमें नारंगी, नीली और अन्य रंगों की जर्सी में मैदान पर उतरीं। टीम ओनरशिप 21,000/- और पंजीयन 300/- रखा गया है। प्रतियोगिता के समापन अवसर पर विजेता को 51,000 नगद चमचमाती ट्रॉफी व उपविजेता को 31,000 नगद चमचमाती ट्राफी एवं अनेक आकर्षक व्यक्तिगत पुरस्कारों से नवाजा जाएगा आज पहला मैच अव्यान 11 ओर रजत 11 के मध्य हुआ इसमें अव्यान 11 ने आठ ओवरों में 85 रनों का लक्ष्य रखा और रजत 11 को 66 रनो पर मैदान से बाहर होना पड़ा,दूसरा मैच आहिल 11 ओर रॉयल लॉ असेंबली के मध्य हुआ जिस्म आहिल 11 ने 5 विकेट के नुकसान पर 81रन बनाए ओर आहिल 11 को 78 रनों पर शांत होना पड़ा,तीसरा मैच थंडर बोल्ट 11 और अन्ना 11 के बीच हुआ जिस्में थंडर बोल्ट ने 85 रनों का लक्ष्य रख कर अन्ना 11 को 35 रनों पर हार चखा दिया,चौथा मैच अन्ना 11 ओर उकवा बस्ती के मध्य हुआ जिसमें अन्ना 11 ने 94 रनो का लक्ष्य रखा और उकवा बस्ती को 6 विकेट के मुस्कान पर महज 62 रनो पर ही मैदान से बाहर कर दिया।

## पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय के छात्र पलाश खोंगल ने सीबीएसई 12वीं में लहराया परचम, 95 .8 प्रतिशत अंक प्राप्त

**नवभारत, बालाघाट।** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा घोषित कक्षा 12वीं परीक्षा परिणाम 2026 में पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय बालाघाट के छात्र पलाश खोंगल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 95.8 प्रतिशत अंक अर्जित कर विद्यालय एवं जिले का नाम गौरवान्वित किया है।

वाणिज्य संकाय के छात्र पलाश खोंगल ने अकाउंटेंसी में 98 अंक, योगा में 98 अंक, इंफॉर्मेटिक्स प्रैक्टिस में 96 अंक तथा इंग्लिश, इकोनॉमिक्स और बिजनेस स्टडीज में 95-95 अंक



प्राप्त किए। उनके इस उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यालय परिवार में खुशी का माहौल है।

पलाश की इस सफलता पर माता विजया खोंगल, पिता मुकेश खोंगल सहित परिवारजनों, मित्रों एवं शिक्षकों ने उन्हें बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी हैं।

पलाश ने अपनी सफलता का श्रेय नियमित अध्ययन, अनुशासन और शिक्षकों के मार्गदर्शन को दिया। उन्होंने कहा कि निरंतर मेहनत, आत्मविश्वास और समय प्रबंधन से किसी भी लक्ष्य को हासिल किया जा सकता है।

विद्यालय प्रबंधन ने भी पलाश की उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्रोत बनेगी।

## मौसम का यू-टर्न, तेज आंधी के साथ झमाझम बारिश

▸ मई में दिखा जुलाई जैसा नजारा, भीषण गर्मी से लोगों को मिली राहत

**नवभारत कटंगी 13 मई।** भीषण गर्मी के बीच बुधवार को कटंगी नगर और आसपास के इलाकों में मौसम का मिजाज अचानक बदल गया। तेज धूलभरी आंधी के साथ शुरू हुई मूसलाधार बारिश ने लोगों को मई के महीने में ही जुलाई-अगस्त के मानसून की याद दिला दी।



दोपहर तक उमस और तेज धूप से लोग बेहाल थे। अचानक आसमान में काले बादल छाए और तेज रफ्तार तूफान शुरू हो गया। आंधी के ठीक बाद शुरू हुई भारी बारिश से पूरा नगर जलमग्न हो गया। इस बेमौसम बारिश से भीषण गर्मी से जूझ रहे नागरिकों को बड़ी राहत मिली है। तेज हवाओं के कारण एहतियात के तौर पर पूरे नगर की बिजली बंद कर दी गई।

### बारिश से बाजार में मची अफरा-तफरी

अचानक आए इस तूफान और बारिश की वजह से बाजार में अफरा-तफरी मच गई। तेज आंधी के कारण कुछ स्थानों पर पेड़ों की शाखाएं टूटने और होर्डिंग्स गिरने की खबर है। हवा और तूफान से वार्ड क्रमांक 7 निवासी दिलीप देशमुख के निवास की छत उड़ गई। इस अप्रत्याशित मानसूनी अहसास ने जहां एक तरफ लोगों को चिलचिलाती गर्मी से राहत दी है, वहीं अचानक आए इस बदलाव से लोग हैरान भी हैं।

**निरीक्षण** | पटरी पर दौड़ती टॉय ट्रेन में बच्चों की किलकारियों को देखकर जनप्रतिनिधि हुये प्रसन्नचित

# मॉर्निंग वॉक करने वालों के लिए बन रहा गट्टू वाला वॉक-वे : प्रदीप जायसवाल

**नवभारत, वारासिवनी।** नगर के प्रसिद्ध गांधी बाल उद्यान का पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल, नपा अध्यक्ष श्रीमती सरिता मनोज दादरे ने अधिकारियों की टीम के साथ निरिक्षण किया। जिसमें गार्डन में नये स्वरूप के विषय मे नीतिगत फैसले लिए गए। गौरतलब है की गर्मी के मौसम मे प्रात व शाम के समय उद्यान मे बच्चो की भारी भीड व पंसदीदा जगह होने के कारण जनप्रतिनिधीयो ने इसके स्वरूप को नया रूप देने का प्रयास किया है।

निरिक्षण के पश्चात पूछे जाने पर प्रदीप जायसवाल ने बताया की गांधी बाल उद्यान मे प्रात व शाम के समय वाकिंग करने वाले नागरिको की संख्या मे तेजी से इजाफा होते देखा जा रहा है। अत अब उनकी सुविधा के मद्वेनजर सबसे पहले



बगीचे के चारो ओर मॉर्निंग वॉक,ईवनिग वाक करने वालो के लिये चारो तरफ के गार्डन पाथ को गट्टू से सुसज्जित कर प्रकाश व्यवस्था को बढ़ाने का निर्णय लिया गया है। और इस निर्णय की स्वास्थ्य धन को पहचानने वाले नागरिको ने खुलकर सराहना भी की है।

एक सवाल पर उन्होने कहा की गर्मी के मौसम मे अपने दादा, मामा व विभिन्न रिश्तेदारो के यहा आये महानगरो के बच्चे भी इस गार्डन को घूमने का हिस्सा बन रहे है। बच्चो का प्रथम आकर्षण विभिन्न प्रकार के झूले साबित हो रहे है। अत बच्चो की खुशियो को देखते हुये अब इस उद्यान मे बच्चों के झूलों को दुरस्त कर नए प्रकार के आधूनिक झूलों को भी क्रय करने का निर्णय नपा परिषद द्वारा लिया गया।

उद्यान का सबसे बडा आकर्षण बच्चो की टाय रेल आज भी बनी हुयी है। रंग बिरंगी यह टाय रेल जब अपनी पटरी पर सीटी बजाते हुये उद्यान के भीतर चलती है तो बच्चो की किलकिलारीया इस आकर्षण की सफलता की गाथा कहते हुये प्रतित होती है। स्वयं जनप्रतिनिधीयो ने निरिक्षण के दौरान ही जिले की पहली बच्चों की टॉय ट्रेन को छुक छुक करके चलते देख और नन्हे मुन्नों की किलकारियों को ट्रेन में देख सुखद अहसास होने की बात भी कही है। गौरतलब है की उक्त रेल के लिये बकायदा उद्यान के भीतर ही रंगबिरंगी एक स्टेशन भी बनाया गया है।

दूसरी ओर टॉय ट्रेन में गरीब बच्चों को आर्थिक अभाव में बैठने देते है की नही ? इस विषय को भी गुड्डा भैया के द्वारा प्राथमिकता दी गयी। और गरीब बच्चे भी निशुल्क रूप से रेल मे भृमण करते है यह चेक करने के बाद ही गुड्डा भैया निरिक्षण के बाद गांधी बाल उद्धान से देर शाम को पूरी टीम के साथ बाहर निकले।

### दो बड़े घास के लॉन सौंदर्यीकरण को देंगे बढ़ावा

साथ ही बगीचे के पीछे के दो बड़े हिस्से को घास के लॉन में परिवर्तित कर उसकी बाउंड्री को फूलों की क्यारी से सजावट करने की दिशा में भी कदम बढाये जा रहे है। इन घास के मैदान के निर्माण के पश्चात एक बडा हरा भरा परिसर उक्त उद्वान की सुदरंता को भी बढावा देता नजर आयेगा।

# विधायक प्रतिनिधियों की कार्यशैली से घिरीं विधायक अनुभा मुंजारे, जनता में बढ़ रही नाराजगी

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट विधानसभा क्षेत्र में इन दिनों विधायक अनुभ्द्य मुंजारे को लेकर राजनीतिक चर्चाएं तेज हो गई हैं। विगत छह महीनों के दौरान उनके द्वारा नियुक्त किए गए कई विधायक प्रतिनिधियों को लेकर लगातार विवाद और शिकायतें सामने आ रही हैं, जिससे क्षेत्र में कांग्रेस संगठन और विधायक की छवि पर सवाल खड़े होने लगे हैं।

स्थानीय लोगों और कांग्रेस कार्यकर्ताओं के बीच यह चर्चा आम होती जा रही है कि कुछ विधायक प्रतिनिधि खुद को 'विधायक' समझकर व्यवहार कर रहे हैं। आरोप है कि कई प्रतिनिधि कार्यकर्ताओं और आम कांग्रेसजनों से दुर्व्यवहार करते हैं, जबकि कुछ पर पंचायत प्रतिनिधियों और सरपंचों से पैसों की मांग करने जैसे गंभीर आरोप



भी लगाए जा रहे हैं। इन घटनाओं ने पार्टी कार्यकर्ताओं में असंतोष बढ़ा दिया है।

क्षेत्र की जनता का कहना है कि लगभग हर विभाग में अलग-अलग विधायक प्रतिनिधि नियुक्त कर दिए गए हैं, जिससे भ्रम और असंतोष की स्थिति बन रही है। लोगों के बीच यह सवाल लगातार उठ रहा है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में विधायक प्रतिनिधि बनाने की आवश्यकता क्या थी। राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि कुछ ऐसे लोगों को भी विधायक प्रतिनिधि बना दिया गया है जिनका कांग्रेस संगठन से दूर-दूर तक कोई जुड़ाव नहीं रहा।

कांग्रेस के जमीनी कार्यकर्ताओं का मानना है कि वर्षों से पार्टी के लिए संघर्ष करने वाले समर्पित कार्यकर्ताओं की अनदेखी कर बाहरी और अवसरवादी लोगों को जिम्मेदारियां देने से संगठन कमजोर हो रहा है। इससे पुराने कांग्रेसियों में नाराजगी बढ़ती जा रही है और इसका सीधा असर विधायक के जनाधार पर दिखाई देने लगा है। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि यदि समय रहते संगठनात्मक स्तर पर सुधार नहीं किया गया और विवादित प्रतिनिधियों पर नियंत्रण नहीं लगाया गया, तो आने वाले समय में इसका बड़ा राजनीतिक नुकसान कांग्रेस को उठाना पड़ सकता है। बालाघाट की राजनीति में अब यह मुद्दा तेजी से चर्चा का केंद्र बनता जा रहा है।